# Haryana Government Gazette

Published by Authority

© Govt. of Haryana

No. 6–2021] चण्डीगढ़, मंगलवार, दिनांक 9 फरवरी, 2021
(20 माघ, 1942 शक)

**विधायी परिशिष्ट**


| क्रमांक | विषय वस्तु | पृष्ठ |
|---|---|---|
| **भाग I** | **अधिनियम** | |
| | कुछ नहीं | |
| **भाग II** | **अध्यादेश** | |
| | कुछ नहीं | |
| **भाग III** | **प्रत्यायोजित विधान** | |
| | अधिसूचना संख्या का०आ० 5/के० अ०36/2003/धा० 180/2021, दिनांक 9 फरवरी, 2021 हरियाणा बिजली ठेकेदार अनुज्ञप्ति, सक्षमता प्रमाण–पत्र तथा तार मिस्त्री परमिट नियम, 2021 (प्राधिकृत अंग्रजी अनुवाद सहित) | 61–134 |
| **भाग IV** | **शुद्धि–पर्ची, पुनः प्रकाशन तथा प्रतिस्थापन** | |
| | कुछ नहीं। | |

**भाग – III**

**हरियाणा सरकार**

विद्युत विभाग

**अधिसूचना**

दिनांक 9 फरवरी, 2021

**संख्या का०आ० 5/के.अ.36/2003/धा.180/2021**.– विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का केन्द्रीय अधिनियम 36) की धारा 180 की उप–धारा (1) तथा उप–धारा (2) के खण्ड (ण) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा पंजाब सरकार, सिंचाई तथा विद्युत विभाग, अधिसूचना संख्या का० आ० 133-4EL-62/22977, दिनांक 17 सितम्बर, 1962, हरियाणा राज्यार्थ और इस संबंध में पूर्व में जारी की गई सभी अन्य अधिसूचनाओं का अधिक्रमण करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा तथा विद्युत आपूर्ति संबंधी उपाय) विनियम, 2010 के विनियम 29 के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए बिजली ठेकेदार अनुज्ञप्ति, सक्षमता प्रमाण–पत्र तथा तार मिस्त्री परमिट प्रदान करने के लिए निबंधन तथा शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :–

**1.** (1) ये नियम हरियाणा बिजली ठेकेदार अनुज्ञप्ति, सक्षमता प्रमाण–पत्र तथा तार मिस्त्री परमिट नियम, 2021, कहे जा सकते हैं। संक्षिप्त नाम, प्रारंभ तथा लागूकरण।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

(3) ये सम्पूर्ण हरियाणा राज्य में लागू होंगे।

**2.** (1) इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,– परिभाषाएं।

(क) **''अधिनियम''** से अभिप्राय है, विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का केन्द्रीय अधिनियम 36) ;

(ख) **''अनुबन्ध''** से अभिप्राय है, इन नियमों से संलग्न अनुबन्ध ;

(ग) **''अपील प्राधिकारी''** से अभिप्राय है, अपर मुख्य सचिव या प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, विद्युत विभाग ;

(घ) **''प्रमाण पत्र''** से अभिप्राय है, विभिन्न वोल्टेज स्तर के सभी प्रकार के बिजली प्रतिष्ठान कार्य के निर्माण और स्थापना के पर्यवेक्षण हेतु प्रदान किया गया सक्षमता प्रमाण पत्र ;

(ड.) **''सक्षम प्राधिकारी''** से अभिप्राय है, मुख्य बिजली निरीक्षक, हरियाणा ;

(च) **''प्ररूप''** से अभिप्राय है, इन नियमों से संलग्न प्ररूप ;

(छ) **''सरकार''** से अभिप्राय है, प्रशासकीय विभाग में हरियाणा राज्य की सरकार ;

(ज) **''संस्था''** से अभिप्राय है ,–

(i) हरियाणा राज्य में लागू विधि द्वारा स्थापित कोई संस्था ; या

(ii) इन नियमों के प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त कोई अन्य संस्था ;

(झ) **''अनुज्ञप्ति''** से अभिप्राय है, विभिन्न वोल्टेज स्तर के सभी प्रकार के बिजली प्रतिष्ठान कार्यों के निर्माण और स्थापना को कार्यान्वित करने के लिए प्रदान की गई 'ए' श्रेणी की बिजली ठेकेदार अनुज्ञप्ति ;

(ञ) **''परमिट''** से अभिप्राय है, अनुज्ञप्त बिजली ठेकेदार के साथ वास्तविक बिजली के कार्य करने के लिए प्रदान किया गया तार मिस्त्री परमिट ;

(ट) **''मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय''** से अभिप्राय है ,–

(i) भारत में विधि द्वारा निगमित कोई विश्वविद्यालय ; या

(ii) कोई अन्य विश्वविद्यालय, जो इन नियमों के प्रयोजनार्थ सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय घोषित किया गया है ;

(ठ) **''विनियम''** से अभिप्राय है, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा और विद्युत आपूर्ति संबंधी उपाय) विनियम, 2010 ;

(ड) **''अनुसूची''** से अभिप्राय है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित शब्दों तथा अभिव्यक्तियों के वहीं अर्थ होंगे, जो उन्हें क्रमशः विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का केन्द्रीय अधिनियम 36) तथा केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा तथा विद्युत आपूर्ति संबंधी उपाय) विनियम, 2010 में दिये गए हैं।

स्क्रीनिंग समिति का गठन।

**3.** सक्षम प्राधिकारी, संबधित क्षेत्र के संबंध में योग्यता, अनुभव और ज्ञान का अभिनिश्चय करने के लिए निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनने वाली स्क्रीनिंग समिति का गठन करेगा ,–

(i) कार्यकारी अभियंता; तथा

(ii) अधीक्षक ।

प्रमाण–पत्र के लिए पात्रता तथा शैक्षणिक योग्यताएं।

**4.** कोई भी व्यक्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक वह निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताएं तथा पात्रता नहीं रखता हो, अर्थात् :–

(क) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुमोदित किसी संस्था या बोर्ड या विश्वविद्यालय से इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग या इलैक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रोनिकस इंजीनियरिंग में उपाधि और उपाधि उत्तीर्ण करने के बाद 'ए' श्रेणी बिजली ठेकेदार के अधीन या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या अर्ध सरकारी विभाग या संगठन में बिजली प्रतिष्ठान के निर्माण, संचालन, अनुरक्षण के क्षेत्र में कम से कम एक वर्ष का अनुभव रखता हो ;

अथवा

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुमोदित किसी संस्था या बोर्ड या विश्वविद्यालय से इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग या इलैक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रोनिकस इंजीनियरिंग में उपाधि–पत्र और उपाधि–पत्र उत्तीर्ण करने के बाद 'ए' श्रेणी बिजली ठेकेदार के अधीन या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या अर्ध सरकारी विभाग या संगठन में बिजली प्रतिष्ठान के निर्माण, संचालन, अनुरक्षण के क्षेत्र में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव रखता हो ;

(ख) वह सक्षम प्राधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि को अठारह वर्ष से कम या पैंसठ वर्ष से अधिक की आयु का न हो :

परन्तु वह पच्चपन वर्ष की आयु पूरी होने पर सरकारी अस्पताल या सरकार द्वारा अनुमोदित अस्पताल द्वारा, अनुबन्ध I में, जारी किए गए चिकित्सा उपयुक्तता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेगा ; तथा

(ग) वह भारत का नागरिक हो।

परमिट के लिए पात्रता तथा शैक्षणिक योग्यताएं।

**5.** कोई भी व्यक्ति परमिट प्राप्त करने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक वह निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताएं तथा पात्रता नहीं रखता हो,–

(क) किसी संस्था या बोर्ड से इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग या इलैक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रोनिकस इंजीनियरिंग में उपाधि–पत्र और 'ए' श्रेणी बिजली ठेकेदार के अधीन या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या अर्ध सरकारी विभाग या संगठन में बिजली तार और अन्य स्थापना कार्य में एक वर्ष के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण किया हो;

अथवा

किसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से तार मिस्त्री, लाइनमैन और इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में प्रमाण–पत्र या उपाधि–पत्र और शिक्षु अधिनियम, 1961 (1961 का केन्द्रीय अधिनियम 52) के अधीन राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण–पत्र रखता हो, और 'ए' श्रेणी बिजली ठेकेदार के अधीन या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या अर्ध सरकारी विभाग या संगठन में बिजली तार और अन्य स्थापना कार्य में तीन वर्ष (इसमें शिक्षुता अवधि भी शामिल है) के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण किया हो ;

(ख) वह सक्षम प्राधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि को अठारह वर्ष से कम या पैंसठ वर्ष से अधिक की आयु का न हो :

परन्तु वह पच्चपन वर्ष की आयु पूरी होने पर सरकारी अस्पताल या सरकार द्वारा अनुमोदित अस्पताल द्वारा, अनुबन्ध I में, जारी किए गए चिकित्सा उपयुक्तता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेगा ; तथा

(ग) वह भारत का नागरिक हो।

**6.** (1) आवेदक, अपेक्षित दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित छाया प्रतियां तथा अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट ऐसी फीस सहित **प्ररूप I** में प्रमाण–पत्र या परमिट प्राप्त करने के लिए सक्षम प्राधिकारी को ऑनलाइन आवेदन करेगा। प्रमाण–पत्र या परमिट के लिए आवेदन।

(2) उप–नियम (1) के अधीन आवेदन प्राप्ति पर, सक्षम प्राधिकारी, आवेदन की प्रमाणिकता सत्यापित करने के लिए उसे स्क्रीनिंग समिति को भेजेगा। स्क्रीनिंग समिति आवेदन की प्रमाणिकता सत्यापित करेगी और उसके बाद आवेदक को नोटिस में यथा विनिर्दिष्ट ऐसे स्थान पर और ऐसी तिथि को व्यक्तिगत रूप में मूल दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी करेगी। मूल दस्तावेजों के सत्यापन के बाद, स्क्रीनिंग समिति, अपनी सिफारिशों सहित सक्षम प्राधिकारी को आवेदन भेजेगी।

(3) स्क्रीनिंग समिति की सिफारिशें प्राप्त होने के बाद और सभी सुसंगत शर्तों के पूरा होने के अध्यधीन, सक्षम प्राधिकारी, आवेदक को **प्ररूप II या III** में प्रमाण–पत्र या परमिट, जैसी भी स्थिति हो, जारी करेगा। आवेदक उसे कार्यालय वैबसाइट से डॉउनलोड करेगा :

परन्तु यदि आवेदन प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय पर आवेदन और/या समर्थित दस्तावेजों में कोई त्रुटि ध्यान में आती है, तो सक्षम प्राधिकारी को आवेदन रद्द करने की शक्तियाँ होंगी और उसके बारे में आवेदक को नियमानुसार सात दिन के भीतर संसूचित करेगा।

**7.** इन नियमों के अधीन प्रदत्त प्रत्येक प्रमाण–पत्र या परमिट प्रारम्भ में एक वर्ष की अवधि के लिए जारी किया जाएगा तथा पांच वर्ष की अनधिक अवधि के लिए वैध होगा। प्रमाण–पत्र तथा परमिट की वैधता।

परन्तु प्रमाण–पत्र या परमिट धारकों को उसकी रदद् अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के बिजली कार्य करने की अनुमति नहीं होंगी।

**8.** (1) प्रत्येक व्यक्ति, जिसे इन नियमों के अधीन प्रमाण–पत्र या परमिट प्रदान किया गया है, ऐसे प्रमाण–पत्र या परमिट की **वैधता** की समाप्ति से एक मास पूर्व अपेक्षित दस्तावेजों तथा अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट ऐसी फीस सहित **प्ररूप IV** में प्रमाण–पत्र या परमिट के नवीकरण के लिए सक्षम प्राधिकारी को ऑनलाइन आवेदन करेगा : प्रमाण–पत्र तथा परमिट का नवीकरण।

परन्तु नवीकरण के लिए उक्त अवधि की समाप्ति के बाद, सक्षम प्राधिकारी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट ऐसी विलम्ब फीस सहित ऐसे प्रमाण–पत्र या परमिट के नवीकरण के लिए आवेदन ग्रहण कर सकता है :

परन्तु यह और कि पांच वर्ष की अवधि की समाप्ति के बाद किसी प्रमाण–पत्र या परमिट का नवीकरण नहीं किया जाएगा।

(2) उप–नियम (1) के अधीन आवेदन प्राप्ति पर, सक्षम प्राधिकारी, आवेदन की प्रमाणिकता सत्यापित करने के लिए उसे स्क्रीनिंग समिति को भेजेगा। स्क्रीनिंग समिति आवेदन की प्रमाणिकता सत्यापित करेगी और, अपनी सिफारिशों सहित सक्षम प्राधिकारी को आवेदन भेजेगी।

(3) स्क्रीनिंग समिति की सिफारिशें प्राप्त होने के बाद और सभी सुसंगत शर्तों के पूरा होने के अध्यधीन, सक्षम प्राधिकारी, आवेदक को **प्ररूप V या VI** में प्रमाण–पत्र या परमिट, जैसी भी स्थिति हो, जारी करेगा। आवेदक उसे कार्यालय वैब साइट से डाऊलोड करेगा :

परन्तु यदि आवेदन प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय पर आवेदन और/या समर्थित दस्तावेजों में कोई त्रुटि ध्यान में आती है, तो सक्षम प्राधिकारी को आवेदन रद्द करने की शक्तियाँ होंगी और उसके बारे में आवेदक को नियमानुसार सात दिन के भीतर संसूचित करेगा।

**9.** सक्षम प्राधिकारी को किसी व्यक्ति को जारी किए गए किसी प्रमाण–पत्र या परमिट को ऐसी अवधि, जो वह उचित समझें, के लिए निलंबित करने या वापिस लेने के आदेश करने की शक्तियां होंगी, यदि उसकी राय में, उसका धारक अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन नहीं करता है और अधिनियम और इसके अधीन बनाये गए नियमों और विनियमों के उपबन्धों की पालना नहीं करता है या किसी अन्य अनाचार का दोषी है : प्रमाण–पत्र तथा परमिट का निलंबन करना या वापिस लेना।

परन्तु सक्षम प्राधिकारी, आवेदक को सुनवाई का अवसर दिए बिना प्रमाण–पत्र या परमिट के निलम्बन या वापिस लेने का कोई आदेश पारित नहीं करेगा।

प्रमाण–पत्र के स्तर का उन्नयन करना।

**10.** सक्षम प्राधिकारी को किसी व्यक्ति की योग्यताएं तथा अनुभव को सुनिश्चित करते हुए उसे जारी किए गए किसी प्रमाण–पत्र का उन्नयन करने की शक्तियां होंगी। तथापि, आगे कोई भी उन्नयन तब तक नहीं किया जाएगा जब तक वह परिचालन और अनुरक्षण से संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष का पर्याप्त अनुभव प्राप्त नहीं कर लेता है। वह अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट फीस सहित **प्ररूप VII** में यथा वर्णित सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत करेगा। तथापि, तैतीस के०वी० लेवल से अधिक का प्राधिकार, केवल ऐसे प्रमाण–पत्र के धारक को प्रदान किया जाएगा, जो किसी विश्वविद्यालय से इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग या इलैक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रोनिकस इंजीनियरिंग में उपाधि रखता हो। प्रमाण–पत्र परीक्षा के आधार पर पहले से ही प्रदान किए गए प्रमाण–पत्र को अपेक्षित अनुभव अर्थात् डिप्लोमा धारक को पांच वर्ष पूर्ण करने के उपरांत, आई०टी०आई० प्रमाण–पत्र धारक को दस वर्ष पूर्ण करने के उपरांत और अन्य को पन्द्रह वर्ष पूर्ण करने के उपरांत ही पूर्व प्रैक्टिस के अनुसार उन्नयन किया जाएगा।

प्रमाण–पत्र और परमिट का अंतरण।

**11.** किसी अन्य राज्य द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र या परमिट धारक किसी व्यक्ति को अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट अपेक्षित फीस के भुगतान पर उसके प्रमाण–पत्र या परमिट को पृष्ठांकित (नियम 4 तथा 5) में यथा वर्णित योग्यताओं और अनुभव के मानदण्ड को पूरा करने के अध्यधीन करवाने पर 'ए' श्रेणी बिजली ठेकेदार के साथ अनिवार्य अमले के रूप में हरियाणा राज्य में बिजली पर्यवेक्षक या तार मिस्त्री के रूप में कार्य करने के लिए अनुमत किया जाएगा।

अनुज्ञप्ति के लिए पात्रता, अर्हक अमला और मानदण्ड।

**12.** कोई भी व्यक्ति अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक वह निम्नलिखित शर्तों और मानदण्ड को पूरा नहीं करता है, अर्थात् :–

(क) वह भारत का नागरिक होना चाहिए ;

(ख) वह सक्षम प्राधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि को अठारह वर्ष से कम या पैंसठ वर्ष की आयु से अधिक का न हो ;

(ग) उसका हरियाणा राज्य में पंजीकृत कार्यालय होना चाहिए, जिसके लिए हरियाणा राज्य के लिए जी०एस०टी० पंजीकरण प्रस्तुत करेगा ;

(घ) उसके पास ड्राईंग (650 वोल्ट से अधिक के मामले में) तैयार करने के लिए पर्याप्त ड्राईंग सुविधाएं और अनुबंध– II के अनुसार पुस्तकालय सुविधाएं होनी चाहिए ;

(ड.) वह अनुबंध कार्यों के प्रयोजन के लिए पूर्णकालिक आधार पर निम्नलिखित अर्हक अमला नियोजित करेगा और अनुबंध–III में उनकी सहमति तथा घोषणा संलग्न करेगा और उसके अनिवार्य अमले के साथ व्यक्तिगत रूप में उपस्थित होगा,–

(i) **एल०टी०**– सक्षम प्राधिकारी द्वारा **जारी प्रमाण–पत्र** रखने वाले एक बिजली पर्यवेक्षक और एक तार मिस्त्री/पर्यवेक्षक नियोजित किया जाएगा ;

(ii) **एच०टी०**– संबंधित वोल्टेज लेवल, जिसके लिए ठेकेदार अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन किया गया है, के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र रखने वाले एक बिजली पर्यवेक्षक और दो तार मिस्त्री या पर्यवेक्षक नियोजित किये जाएंगे ;

(iii) **ई०एच०टी०**– सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र रखने वाले दो बिजली पर्यवेक्षक, जिसमें से एक संबंधित वोल्टेज लेवल, जिसके लिए ठेकेदार अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन किया गया है, से होना चाहिए और तीन पर्यवेक्षक या तार मिस्त्री नियोजित किये जाएंगे :

परन्तु अनुज्ञप्त 'ए' बिजली ठेकेदार के साथ अनिवार्य अमले के रूप में कार्यरत प्रमाण–पत्र धारक या तार मिस्त्री धारक को कार्य छोड़ने से पहले फर्म या कम्पनी या ठेकेदार को एक मास का नोटिस देना होगा या इस संबंध में 'निराक्षेप प्रमाण–पत्र' सक्षम प्राधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

**टिप्पण.–** उत्पादन या विनिर्माण से संबंधित ईकाइयां, कारखानों के नियमित परिचालनों के लिए नियोजित अमले से ठेकेदार अनुज्ञप्ति के प्रयोजन के लिए नियोजित अमले को अलग करना चाहिए। अनुज्ञप्ति देने की प्रक्रिया के अधीन या केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा तथा विद्युत आपूर्ति संबंधी उपाय) विनियम, 2010 के विनियम 3 तथा 5 के अधीन नियोजित अमले को किसी भी कारण से परस्पर मिलाया नहीं जाएगा। अनुज्ञप्ति देने की प्रक्रिया और उक्त विनियमों के प्रयोजन के लिए अलग से अमला रखने में असफल होने पर, इन नियमों की उल्लंघना समझी जाएगी और अनुज्ञप्ति रद्द करने के लिए दायी होगी ;

(च) अनुबंध– IV के अनुसार वोल्टेज के विभिन्न लेवलों के लिए बिजली उपकरण खरीद किए जाएंगे और वे आई०एस०आई० मार्क या समकक्ष गुणवत्ता के होंगे और उपकरणों की जांच के समय पर बीजक सहित जांच प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे और उपकरणों की सरकार द्वारा अनुमोदित एन०ए०बी०एल० मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला द्वारा सम्यक् रूप से जांच होनी चाहिए। अनुज्ञप्ति के प्रत्येक नवीकरण के लिए बिजली उपकरणों की भी सरकार द्वारा अनुमोदित एन०ए०बी०एल० मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला द्वारा सम्यक् रूप से जांच होनी चाहिए। तथापि, आवेदक, सक्षम प्राधिकारी को कार्यालय में भौतिक जांच के लिए अपने बिजली उपकरणों को प्रस्तुत करेगा ;

(छ) वह आवेदन के साथ अंतिम तीन वर्ष की आयकर विवरणी और आवर्त/तुलन पत्र संलग्न करेगा। विभिन्न प्रवर्गों के लिए अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए पात्रता नियमानुसार होगी :–

(i) **एम०वी०** (650 वोल्ट) तक, अंतिम तीन वर्ष के दौरान एक वर्ष में न्यूनतम बीस लाख का आवर्त ;

(ii) **एच०वी०** तक– अंतिम तीन वर्ष के दौरान एक वर्ष में न्यूनतम पचास लाख का आवर्त ;

(iii) **ई०एच०वी०** तक– अंतिम तीन वर्ष के दौरान एक वर्ष में न्यूनतम एक करोड़ रूपये का आवर्त ;

(ज) वह उपरोक्त यथा वर्णित के अतिरिक्त निम्नलिखित अन्य दस्तावेज भी प्रस्तुत करेगा,–

(i) अनुबंध–V में फर्म/कंपनी के संबंध में वचनबद्धता ;

(ii) आवास सबूत अर्थात् आधार कार्ड/मतदाता कार्ड ;

(iii) स्थाई खाता संख्या (पीएएन) ;

(iv) भागीदारी फर्म/कंपनी के मामले में प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के रूप में प्राधिकार ;

(v) भागीदारी फर्म/कंपनी के मामले में प्रस्ताव सहित ज्ञापन/विलेख।

**13.** (1) आवेदक, हरियाणा राज्य में अनुबंध–VI में यथा विनिर्दिष्ट शर्तों पर 650 वोल्ट तक कम दाब, मध्यम दाब के सभी प्रकार के बिजली प्रतिष्ठानों के निर्माण और स्थापना को कार्यान्वित करने के लिए अपेक्षित दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित छाया प्रतियां तथा अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट ऐसी फीस सहित **प्ररूप VIII** में अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए सक्षम प्राधिकारी को ऑनलाइन आवेदन करेगा : अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन।

परन्तु उक्त अनुज्ञप्ति का धारक, वचनबद्धता भी प्रस्तुत करेगा कि वह श्रम विधियों के उपबन्धों की अनुपालना करेगा।

(2) उप–नियम (1) के अधीन आवेदन प्राप्ति पर, सक्षम प्राधिकारी, आवेदन की प्रमाणिकता सत्यापित करने के लिए उसे स्क्रीनिंग समिति को भेजेगा। स्क्रीनिंग समिति आवेदन की प्रमाणिकता सत्यापित करेगी और उसके बाद आवेदक को नोटिस में यथा विनिर्दिष्ट ऐसे स्थान पर और ऐसी तिथि को व्यक्तिगत रूप में मूल दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी करेगी। मूल दस्तावेजों के सत्यापन के बाद, स्क्रीनिंग समिति, अपनी सिफारिशों सहित सक्षम प्राधिकारी को आवेदन भेजेगी।

(3) स्क्रीनिंग समिति की सिफारिशें प्राप्त होने के बाद और सभी सुसंगत शर्तों के पूरा होने के अध्यधीन, सक्षम प्राधिकारी, आवेदक को **प्ररूप IX** में अनुज्ञप्ति जारी करेगा। आवेदक उसे कार्यालय वैब साइट से डाऊलोड करेगा :

परन्तु यदि आवेदन प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय पर आवेदन और/या समर्थित दस्तावेजों में कोई त्रुटि ध्यान में आती है, तो सक्षम प्राधिकारी को आवेदन रद्द करने की शक्तियाँ होंगी और उसके बारे में आवेदक को नियमानुसार सात दिन के भीतर संसूचित करेगा।

**14.** इन नियमों के अधीन प्रदत्त प्रत्येक अनुज्ञप्ति प्रारम्भ में एक वर्ष की अवधि के लिए जारी की जाएगी तथा पांच वर्ष की अनधिक अवधि के लिए वैध होगा। अनुज्ञप्ति के लिए वैधता।

परन्तु अनुज्ञप्त बिजली ठेकेदार को सभी प्रकार के बिजली प्रतिष्ठान कार्य के निर्माण और स्थापना को कार्यान्वित करने के लिए इसकी रदद् अवधि के दौरान अनुमति नहीं होगी या अमले की अनिवार्यता के कारण अनुज्ञप्ति रद्द होने की स्थिति में, अनुज्ञप्ति उसके नवीनीकरण तक की ऐसी अवधि के लिए रद्दकरण के लिए दायी होगी।

अनुज्ञप्ति का नवीकरण।

**15.** (1) प्रत्येक व्यक्ति, जिसे इन शर्तों के अधीन अनुज्ञप्ति प्रदान की गई है, अनुज्ञप्ति की वैधता की समाप्ति से एक मास पूर्व अपेक्षित दस्तावेजों तथा अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट ऐसी फीस सहित **प्ररूप X** में अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए सक्षम प्राधिकारी को ऑनलाइन आवेदन करेगा :

परन्तु नवीकरण के लिए उक्त अवधि की समाप्ति के बाद, सक्षम प्राधिकारी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट ऐसी विलम्ब फीस सहित ऐसी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन ग्रहण कर सकता है :

परन्तु यह और कि पांच वर्ष की अवधि की समाप्ति के बाद किसी भी अनुज्ञप्ति का नवीकरण नहीं किया जाएगा।

(2) उप–नियम (1) के अधीन आवेदन प्राप्ति पर, सक्षम प्राधिकारी, आवेदन की प्रमाणिकता सत्यापित करने के लिए उसे स्क्रीनिंग समिति को भेजेगा। स्क्रीनिंग समिति आवेदन की प्रमाणिकता सत्यापित करेगी और, अपनी सिफारिशों सहित सक्षम प्राधिकारी को आवेदन भेजेगी।

(3) स्क्रीनिंग समिति की सिफारिशें प्राप्त होने के बाद और सभी सुसंगत शर्तों के पूरा होने के अध्यधीन, सक्षम प्राधिकारी, आवेदक को **प्ररूप XI** में अनुज्ञप्ति जारी करेगा। आवेदक उसे कार्यालय वैब साइट से डाऊलोड करेगा :

परन्तु यदि आवेदन प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय पर आवेदन और/या समर्थित दस्तावेजों में कोई त्रुटि ध्यान में आती है, तो सक्षम प्राधिकारी को आवेदन रद्द करने की शक्तियाँ होंगी और उसके बारे में आवेदक को नियमानुसार सात दिन के भीतर संसूचित करेगा।

अनुज्ञप्ति का निलंबन या वापिस लेना।

**16.** सक्षम प्राधिकारी को किसी व्यक्ति को जारी की गई किसी अनुज्ञप्ति को ऐसी अवधि, जो वह उचित समझें, के लिए निलंबित करने या वापिस लेने के आदेश करने की शक्तियां होंगी, यदि उसकी राय में, उसका धारक अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन नहीं करता है और अधिनियम और इसके अधीन बनाये गए नियमों और विनियमों के उपबन्धों की पालना नहीं करता है या किसी अन्य अनाचार का दोषी हैः

परन्तु सक्षम प्राधिकारी आवेदक को सुनवाई का अवसर दिए बिना 'ए' श्रेणी बिजली ठेकेदार अनुज्ञप्ति का निलम्बन करने या वापिस लेने का कोई आदेश पारित नहीं करेगा।

वोल्टेज स्तर का उन्नयन करना।

**17.** सक्षम प्राधिकारी को किसी आवेदक की इन नियमों में यथा विनिर्दिष्ट योग्यताओं के साथ–साथ संबंधित क्षेत्र में पर्यवेक्षक/तार मिस्त्री के रूप में उसके अनुभव को सुनिश्चित करते हुए उच्चतम वोल्टेज लेवल पर कार्य कार्यान्वित करने के लिए किसी 'ए' श्रेणी बिजली अनुज्ञप्ति का उन्नयन करने की शक्तियां होंगी। तथापि, आगे कोई भी उन्नयन तब तक नहीं किया जाएगा जब तक वह संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष का पर्याप्त अनुभव प्राप्त नहीं कर लेता है। आवेदक, नियम 12 में यथा विनिर्दिष्ट निबंधनों तथा शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन अपेक्षित दस्तावेजों और अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट ऐसी फीस सहित **प्ररूप XII** में सक्षम प्राधिकारी को ऑनलाइन आवेदन करेगा।

अनुज्ञप्ति का अन्तरण।

**18.** (1) किसी अन्य राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनुज्ञप्ति धारक किसी व्यक्ति को, ऐसी शर्तों के अध्यधीन कि ऐसा व्यक्ति, सरकार द्वारा प्रदान किए गए कार्यों के निष्पादन के लिए अनुज्ञप्ति के लिए सभी अपेक्षाएं पूरी करेगी, हरियाणा राज्य में उसे अन्तरित करवाने के लिए अनुमत किया जाएगा। आवेदक अपेक्षित दस्तावेजों और अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट ऐसी फीस सहित सक्षम प्राधिकारी को ऑनलाइन आवेदन करेगा।

(2) किसी व्यक्ति को अधिकतम छह मास की अवधि के लिए अस्थाई रूप से हरियाणा राज्य में आंवटित कार्य को करने /पूरा करने के लिए इस शर्त के अध्यधीन अनुमत किया जा सकता है कि ऐसे व्यक्ति के पास किसी राज्य द्वारा जारी वैध अनुज्ञप्ति होनी चाहिए :

परन्तु ऐसा व्यक्ति, बिजली ठेकेदार अनुज्ञप्ति के साथ ही साथ अनिवार्य अमले से संबंधित दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतियों और अनुसूची में यथा विर्निदिष्ट ऐसी फीस सहित **प्ररूप VIII** में सक्षम प्राधिकारी को ऑनलाइन आवेदन करेगीं/करेगा।

अपील।

**19.** सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति, अपेक्षित दस्तावेजों सहित सक्षम प्राधिकारी के आदेश की तिथि से साठ दिन के भीतर अपील प्राधिकारी के सम्मुख अपील दायर कर सकता है।

अनुज्ञप्ति में परिवर्तन।

**20.** अनुज्ञप्ति का कोई धारक, जो व्यवसाय परिसर या दुकान के नाम या पता में या फर्म अथवा कंपनी के गठन में परिवर्तन करवाने का इच्छुक है, तो सुसंगत दस्तावेजों और अनुसूची में यथा विर्निदिष्ट ऐसी फीस सहित सक्षम प्राधिकारी को नया ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करेगा।

**21.** सक्षम प्राधिकारी, सरकार द्वारा प्रदान किए गए टर्नकी कार्यों वाली किसी फर्म या कंपनी को प्रत्यक्ष रूप से उच्चतम वोल्टेज लेवल बिजली ठेकेदार अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकता है : टर्नकी ठेकेदार अनुज्ञप्ति।

परन्तु ऐसी फर्म या कंपनी किसी अन्य राज्य की समरूप स्तर की बिजली ठेकेदार अनुज्ञप्ति रखती हो :

परन्तु यह और कि अनुज्ञप्ति किसी फर्म या कंपनी को बारी आए बिना प्रदान की जा सकती है, बशर्तें ऐसी फर्म या कंपनी के पास सरकार द्वारा प्रदान किया गया और निष्पादित किए जाने के लिए लम्बित वैध टर्नकी कार्य हो। तथापि, यह अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए अधिनियम और इसके अधीन बनाये गए नियमों और विनियमों में यथा विनिर्दिष्ट सभी अपेक्षित निबन्धनों और शर्तों को पूरा करेंगी।

**22.** (1) यदि कोई प्रमाण–पत्र या परमिट या अनुज्ञप्ति, जैसी भी स्थिति हो, नष्ट हो जाती है या गुम हो जाती है या विरूपित या विकृत या क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो आवेदक सुसंगत दस्तावेजों और अनुसूची में यथा विर्निदिष्ट ऐसी फीस सहित **प्ररूप XIII** में सक्षम प्राधिकारी को ऑनलाइन आवेदन करेगा। प्रमाण–पत्र, परमिट और अनुज्ञप्ति की प्रतिलिपि प्रदान करना।

(2) उप–नियम (1) के अधीन आवेदन प्राप्ति पर, सक्षम प्राधिकारी, आवेदक के दस्तावेजों की प्रमाणिकता और पहचान का सत्यापन करने के बाद, शेष अवधि के लिए यथा संभव शीघ्र प्रमाण–पत्र या परमिट या अनुज्ञप्ति, जैसी भी स्थिति हो, की प्रतिलिपि जारी करेगा। आवेदक उसे कार्यालय वैबसाइट से डाऊनलोड करेगा।

**23.** इन नियमों के अधीन सम्पूर्ण दस्तावेजों की प्राप्ति के बाद सभी सेवाओं का निपटान करने की समयावधि तीस दिन होगी। सेवाओं के लिए समयावधि।

**24.** (1) इस प्रकार अधिक्रमित पंजाब सरकार, सिंचाई तथा विद्युत विभाग, अधिसूचना संख्या का० आ० 133-4EL-62/22977 दिनांक 17 सितम्बर, 1962, हरियाणा राज्यार्थ, और इस संबंध में पूर्व जारी की गई सभी अन्य अधिसूचनाओं के अधीन किया गया कोई आदेश या की गई कोई कार्रवाई, इन नियमों के समरूप उपबन्धों के अधीन किया गया आदेश या की गई कार्रवाई समझी जाएगी। व्यावृत्ति।

(2) इन नियमों के प्रकाशन से पूर्व सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया कोई प्रमाण–पत्र या परमिट या अनुज्ञप्ति, ऐसी अवधि, जिसके लिए वह जारी किया गया है/की गई है, की समाप्ति तक वैध रहेगी। आगे आवेदक, इन नियमों के अधीन अपना प्रमाण–पत्र या परमिट या अनुज्ञप्ति, जैसी भी स्थिति हो, का नवीकरण करवाने के लिए पात्र होगा।

**प्ररूप I**

*{देखिए नियम 6 (1)}*

**सक्षमता प्रमाण पत्र/तार मिस्त्री परमिट प्रदान करने के लिए आवेदन**

1. आवेदक का नाम : ____________________

2. पिता का नाम : ____________________

3. लिंग : ____________________

4. राष्ट्रीयता : __________ आधार संख्या ____________________

5. जन्म तिथि : __________ आयुः __________ दिन __________ मास __________ वर्ष __________

6. स्थायी पता : ____________________

____________________

7. संसूचना के लिए पता : ____________________

____________________

8. मोबाईल नं० : __________ ई–मेल आई.डी. : ____________________

9. शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता :

| क्रम संख्या | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्त अंक/अधिकतम अंक | प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

10. क्या आप किसी राज्य अनुज्ञापन बोर्ड/मुख्य बिजली निरीक्षक द्वारा जारी किए गए सक्षमता प्रमाण–पत्र/तार मिस्त्री परमिट के धारक हैं। यदि ऐसा है, तो विवरण दें :

| क्रम संख्या | प्रवर्ग | परमिट संख्या | जारी करने वाला प्राधिकारी | वैद्यता सहित जारी करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

11. क्या आप स्थायी आधार पर नियोजित है, यदि ऐसा है, तो विवरण दे :

| क्रम संख्या | नियोक्ता का नाम | आवेदक द्वारा धारित पद का विवरण | से | तक |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

12. अनुभव का विवरण :

| क्रम संख्या | नियोक्ता का नाम | आवेदक द्वारा धारित पद का विवरण | से | तक |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

13. फीस का विवरण :

| राशि | चालान / जीआरएन संख्या | तिथि | खजाने का नाम |
|---|---|---|---|
| | | | |

मैं, इसके द्वारा, घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त दिए गए विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान से सही हैं। मैं, खाना संख्या 10 में दर्शाए गए से अन्यथा राज्य अनुज्ञापन बोर्ड / मुख्य बिजली निरीक्षक द्वारा जारी किए गए पर्यवेक्षक सक्षमता प्रमाण पत्र का धारक नहीं हूँ। मैं इस आवेदन के अनुसरण में जारी किए जाने वाले मेरे सक्षमता प्रमाण–पत्र को रद्द करने के लिए भी सहमत हूँ। यदि, आवेदन में प्रस्तुत किए गए विवरण किसी भी स्तर पर गलत या झूठे पाए जाते हैं।

स्थान : ________________

दिनांक : ________________ आवेदक के हस्ताक्षर

आवेदन के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की छाया प्रतियां :–

1. मैट्रिकुलेशन प्रमाण–पत्र, जिसमें जन्म तिथि दर्शाई गई हो।
2. निवास सबूत।
3. पहचान सबूत।
4. दो फोटोग्राफ।
5. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग / इलैक्ट्रिकल तथा इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में उपाधि / उपाधि पत्र या इसके समकक्ष।
6. अनुभव प्रमाण–पत्र।
7. आवेदक के हस्ताक्षर के तीन नमूने।
8. सरकारी / सरकार द्वारा अनुमोदित अस्पताल से चिकित्सा उपयुक्तता प्रमाण–पत्र, यदि वह आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि को पचपन वर्ष की आयु से अधिक का हो।
9. सेवानिवृत्त अभिंयता के मामले में सेवानिवृत्ति आदेश की प्रति।
10. लेखा शीर्ष : '0043 बिजली पर कर और शुल्क– अन्य प्राप्तियां अर्थात् 0043 –51–800–99–51–अन्य प्राप्तियां' प्राप्तियों के अधीन हरियाणा के किसी खजाने में जमा करवाई गई फीस के प्रयोजन हेतु खजाना चालान ।

**प्ररूप II**

*{देखिए नियम 6 (3)}*

संख्या ई. सी. __________/20__________ दिनांक जन्म तिथि :

**सक्षमता प्रमाण पत्र का फॉरमैट**

मुख्य बिजली निरीक्षक, हरियाणा की संतुष्टि हो गई है कि श्री/श्रीमती ______________ सुपुत्र/सुपुत्री श्री ______________________ निवासी ______________ की स्क्रीनिंग समिति द्वारा अभिनिश्चित योग्यताओं तथा अनुभव के अनुसार सक्षमता प्रमाण–पत्र प्रदान करने के लिए पात्र पाया गया है/पाई गई है। इसके द्वारा सक्षमता प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाता है।

दिनांक :

मुख्य बिजली निरीक्षक,
हरियाणा सरकार, चण्डीगढ़।

**अनुदेश**

1. इस प्रमाण–पत्र का पाँच वर्ष में एक बार इसकी समाप्ति की तिथि से पूर्व नवीकरण करवाया जाना है, जिसमें असफल रहने पर यह स्वतः निष्क्रिय हो जाएगा।
2. लेखा शीर्ष : '0043 बिजली पर कर और शुल्क– अन्य प्राप्तियां अर्थात् 0043 –51–800–99–51–अन्य प्राप्तियां' के अधीन हरियाणा के किसी खजाने में जमा करवाई गई फीस के प्रयोजन के लिए खजाना चालान।
3. सरकारी /सरकार द्वारा अनुमोदित अस्पताल से चिकित्सा उपयुक्तता प्रमाण–पत्र, यदि वह आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि को पचपन वर्ष की आयु से अधिक का हो।

**प्ररूप –III**

*{देखिए नियम 6 (3)}*

संख्या ई. सी. __________/20__________ दिनांक जन्म तिथि :

**तार मिस्त्री परमिट के लिए फॉरमैट**

मुख्य बिजली निरीक्षक, हरियाणा की संतुष्टि हो गई है कि श्री/श्रीमती ____________________ सुपुत्र/सुपुत्री श्री _______ निवासी ______________ की स्क्रीनिंग समिति द्वारा अभिनिश्चित योग्यताओं तथा अनुभव के अनुसार तार मिस्त्री परमिट प्रदान करने के लिए पात्र पाया गया है/पाई गई है। इसके द्वारा तार मिस्त्री परमिट प्रदान किया जाता है।

दिनांक :

मुख्य बिजली निरीक्षक,
हरियाणा सरकार, चण्डीगढ़।

**अनुदेश**

1. इस प्रमाण–पत्र का पाँच वर्ष में एक बार इसकी समाप्ति की तिथि से पूर्व नवीकरण करवाया जाना है, जिसमें असफल रहने पर यह स्वतः निष्क्रिय हो जाएगा।
2. लेखा शीर्ष : '0043 बिजली पर कर और शुल्क– अन्य प्राप्तियां अर्थात् 0043 –51–800–99–51–अन्य प्राप्तियां' के अधीन हरियाणा के किसी खजाने में जमा करवाई गई फीस के प्रयोजन के लिए खजाना चालान।
3. सरकारी /सरकार द्वारा अनुमोदित अस्पताल से चिकित्सा उपयुक्तता प्रमाण–पत्र, यदि वह आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि को पचपन वर्ष की आयु से अधिक का हो।

## प्ररूप –IV

*{देखिए नियम 8 (1)}*

**सक्षमता प्रमाण पत्र/तार मिस्त्री परमिट के नवीकरण के लिए आवेदन**

मैं, इसके द्वारा, मेरे सक्षमता प्रमाण पत्र/तार मिस्त्री परमिट के नवीकरण के लिए आवेदन करता हूँ, जो इसके साथ संलग्न है और ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | (क) | आवेदक का नाम (जैसा सक्षमता प्रमाण– पत्र/तार मिस्त्री परमिट में दिया गया है) | |
| | (ख) | आयु और जन्म तिथि | |
| | (ग) | तिथि, जिसको आवेदक पचपन वर्ष की आयु पूरी करता है (यदि आयु पचपन वर्ष से अधिक है तो चिकित्सा उपयुक्तता प्रमाण–पत्र संलग्न करें) | |
| 2 | पिन कोड सहित वर्तमान पता | | |
| 3 | पर्यवेक्षक सक्षमता प्रमाण–पत्र संख्या/तार मिस्त्री परमिट संख्या | | |
| 4 | समाप्ति की तिथि | | |
| 5 | क्या आवेदन नवीकरण के लिए विलम्ब से किया गया है, यदि ऐसा है तो नवीकरण के लिए विलम्ब की अवधि (मास और वर्ष में) | | |
| 6 | जमा करवाई गई फीस के ब्यौरे | | |
| | खजाना का नाम | | |
| | जीआरएन संख्या और चालान की तिथि | | |
| | जमा करवाई गई राशि | | |
| 7 | नियोक्ता का नाम और पता, यदि कोई हो। यदि नियोक्ता ठेकेदार है तो उसकी अनुज्ञप्ति संख्या वर्णित की जाए। | | |
| 8 | क्या अंतिम नवीकरण की उत्तरवर्ती अवधि के दौरान नियोक्ता में कोई परिर्वतन है। | | |

**घोषणा**

1. आवेदन में दी गई जानकारी सही है।
2. मैं ठेकेदार के रूप में/ठेकेदार के निमित्त आवेदन पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत हूँ।

स्थान : ________________

दिनांक : ________________ आवेदक के हस्ताक्षर

निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने हैं :–

1. मूल सक्षमता प्रमाण–पत्र/ तार मिस्त्री परमिट।

2. लेखा शीर्ष : '0043 बिजली पर कर और शुल्क– अन्य प्राप्तियां अर्थात् 0043 –51–800–99–51–अन्य प्राप्तियां' के अधीन हरियाणा के किसी खजाने में जमा करवाई गई फीस के प्रयोजन हेतु खजाना चालान।

3. सरकारी /सरकार द्वारा अनुमोदित अस्पताल से चिकित्सा उपयुक्तता प्रमाण–पत्र, यदि वह आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि को पचपन वर्ष की आयु से अधिक का हो।

4. सक्षमता प्रमाण–पत्र/ तार मिस्त्री परमिट की समाप्ति के मामले में, रद्द अवधि के दौरान विलम्ब या कार्यरत नहीं रहने के लिए वचनबद्धता।

5. वर्तमान कार्य स्थिति ।

**प्ररूप –V**

*{देखिए नियम 8 (3)}*

संख्या ई० सी० __________/20__________दिनांक जन्म तिथि :

**सक्षमता प्रमाण पत्र का नवीकरण**

मुख्य बिजली निरीक्षक, हरियाणा की संतुष्टि हो गई है कि श्री/श्रीमती ______________ सुपुत्र/सुपुत्री श्री ______________ निवासी ______________ की स्क्रीनिंग समिति द्वारा अभिनिश्चित योग्यताओं तथा अनुभव के अनुसार सक्षमता प्रमाण–पत्र प्रदान करने के लिए पात्र पाया गया है/पाई गई है। इसके द्वारा सक्षमता प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाता है।

दिनांक :

मुख्य बिजली निरीक्षक,
हरियाणा सरकार, चण्डीगढ़।

**अनुदेश**

1. इस प्रमाण–पत्र का पाँच वर्ष में एक बार इसकी समाप्ति की तिथि से पूर्व नवीकरण करवाया जाना है, जिसमें असफल रहने पर यह स्वतः निष्क्रिय हो जाएगा।
2. लेखा शीर्ष : '0043 बिजली पर कर और शुल्क– अन्य प्राप्तियां अर्थात् 0043 –51–800–99–51–अन्य प्राप्तियां ' के अधीन हरियाणा के किसी खजाने में जमा करवाई गई फीस के प्रयोजन के लिए खजाना चालान।
3. सरकारी /सरकार द्वारा अनुमोदित अस्पताल से चिकित्सा उपयुक्तता प्रमाण–पत्र, यदि वह आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि को पचपन वर्ष की आयु से अधिक का हो।

**प्ररूप –VI**

*{देखिए नियम 8 (3)}*

संख्या ई. सी. ___________ / 20___________ दिनांक जन्म तिथि :

**तार मिस्त्री परमिट का नवीकरण**

मुख्य बिजली निरीक्षक, हरियाणा की संतुष्टि हो गई है कि श्री/श्रीमती _____________________ सुपुत्र/सुपुत्री श्री _____________________ निवासी _____________________ की स्क्रीनिंग समिति द्वारा अभिनिश्चित योग्यताओं तथा अनुभव के अनुसार तार मिस्त्री परमिट प्रदान करने के लिए पात्र पाया गया है/पाई गई है। इसके द्वारा तार मिस्त्री परमिट प्रदान किया जाता है।

दिनांक :

मुख्य बिजली निरीक्षक,
हरियाणा सरकार, चण्डीगढ़।

**अनुदेश**

1. इस प्रमाण–पत्र का पाँच वर्ष में एक बार इसकी समाप्ति की तिथि से पूर्व नवीकरण करवाया जाना है, जिसमें असफल रहने पर यह स्वतः निष्क्रिय हो जाएगा।
2. लेखा शीर्ष : '0043 बिजली पर कर और शुल्क– अन्य प्राप्तियां अर्थात् 0043 –51–800–99–51–अन्य प्राप्तियां ' के अधीन हरियाणा के किसी खजाने में जमा करवाई गई फीस के प्रयोजन के लिए खजाना चालान।
3. सरकारी /सरकार द्वारा अनुमोदित अस्पताल से चिकित्सा उपयुक्तता प्रमाण–पत्र, यदि वह आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि को पचपन वर्ष की आयु से अधिक का हो।

**प्ररूप VII**

*[देखिए नियम 10]*

**सक्षमता प्रमाण–पत्र के उन्नयन के लिए आवेदन**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम | |
| 2 | पता तथा पिन कोड | |
| 3 | योग्यता | |
| | शैक्षणिक | |
| | व्यावसायिक | |
| 4 | आवेदक द्वारा धारित पर्यवेक्षक सक्षमता प्रमाण–पत्र के ब्यौरे | |
| | प्रमाण–पत्र संख्या | |
| | जारी करने की तिथि | |
| | वर्तमान स्थिति | |
| 5 | अनुभव | |

| | नियोक्ता का नाम | आवेदक द्वारा धारित पद के विवरण | से | तक |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अनुभव की कुल अवधि | वर्ष | | मास | |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | क्या पूर्व में उन्नयन के लिए आवेदन किया गया है ? यदि ऐसा है तो, साक्षात्कार के लिए बुलाने वाली तिथि वर्णित करें। | |
| 7 | आवेदिक क्षेत्र वोल्टेज लेवल | |

स्थान : ____________________

दिनांक :____________________

आवेदक के हस्ताक्षर

प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज :

1. सक्षमता प्रमाण–पत्र की प्रति।
2. अनुभव प्रमाण–पत्र की प्रति, यदि कोई हो।

**प्ररूप VIII**

*{देखिए नियम 13 (1)}*

**'ए' श्रेणी बिजली ठेकेदार अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम, जिसके लिए बिजली ठेकेदार अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन किया गया है | |
| 2 | व्यावसायिक पता– <br> पिन कोड– <br> ई मेल– <br> दूरभाष नं०– | |
| 3 | कंपनी की शैली : <br> कंपनी अधिनियम के अधीन सम्बद्ध स्वामित्व / कंपनी / फर्म <br> यदि कंपनी / फर्म है, तो फर्म / कंपनी की स्थिति को साबित करने के लिए दस्तावेज संलग्न करे। | |
| 4 | क्या कंपनी के पास हरियाणा / राज्य संघक्षेत्र चण्डीगढ़ / एनसीटी दिल्ली में पंजीकृत कार्यालय। | |
| 5 | स्वामित्व या भागीदारों / निदेशकों का पूरा नाम और पता <br> 1 <br> 2 <br> 3 <br> 4 | |
| 6 | एजेंट या प्रबन्धक का पूरा नाम <br> (लिमिटेड कंपनी के मामले में) | |
| 7 | क्या आवेदक विनिर्माण फर्म या उत्पादन ईकाई है। | |
| 8 | दस्तावेजों और हस्ताक्षर करने वाले प्राधिकृत व्यक्ति का नाम। | |
| 9 | क्या कोई ठेकेदार अनुज्ञप्ति पूर्व में उसी नाम से प्रदान की गई है ? यदि हाँ, तो उसके ब्यौरे दें। | |
| 10 | क्या कोई ठेकेदार अनुज्ञप्ति किसी अन्य राज्य से इसी नाम से प्रदान की गई है ? यदि ऐसा है, तो निम्नलिखित ब्यौरे दें :– <br> जारी करने वाले प्राधिकारी का नाम – <br> जारी करने की तिथि – <br> अनुज्ञप्ति की समाप्ति की तिथि – <br> निष्पादित किए जाने वाले अनुमत कार्य के ब्यौरे – | |
| 11 | क्या ड्राईंग, ब्लू प्रिंट इत्यादि को तैयार करने के लिए पर्याप्त ड्राईंग कार्यालय की सुविधाएं उपलब्ध हैं (650 वोल्टेज से अधिक के मामले में)। | |
| 12 | क्या खाना 13 में दर्शाया गया अमला, इन नियमों और केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा और विद्युत आपूर्ति संबंधी उपाय) विनियम, 2010 के विनियम 29 के अनुसार कार्य करने के लिए विशेष रूप से निर्धारित हैं। | |

| 13 | तकनीकी योग्यताएं और अनुभव, जो ए श्रेणी अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित हैं, रखने वाले पूर्णकालिक आधार पर नियोजित सभी व्यक्तियों के नाम। | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | व्यक्ति का नाम | योग्यताएं | प्रमाण–पत्र और परमिट संख्या तथा उनकी वैधता की तिथि | क्या संलग्न प्ररूप में की गई घोषणा साथ लगाई गई है। |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

14. क्या अनुबंध–II के अनुसार ई–पुस्तकालय/पुस्तकालय उपलब्ध है ? यदि हाँ, तो सबूत संलग्न करें।

15. हरियाणा में किए गए प्रमुख कार्य

(विद्युत निरीक्षाणालय से प्राप्त अनुमोदन के अनुसार योजना, प्रतिष्ठान आदि के विवरण की सूची के साथ संलग्न किया जाना चाहिए)।

16. (i) राज्य अनुज्ञापन बोर्ड/ मुख्य बिजली निरीक्षक, हरियाणा

(ii) सरकार और अन्य एजेसिंयों

(iii) किसी विधि न्यायालय द्वारा, कंपनी/फर्म पर अधिरोपित दंड और शास्ति के ब्यौरे।

**घोषणा**

- मैंने/हमने बिजली ठेकेदार अनुज्ञप्ति ए श्रेणी बिजली ठेकेदार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए शर्तों और आवेदन के साथ लगाए जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों को पढ़ लिया है और समझ लिया है और प्रांसगिक दस्तावेज कालानुकमिक क्रम में संलग्न हैं।
